प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र दामोदरदास मोदी लगातार तीसरी बार बने देश के प्रधानमंत्री : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ।
2. भाजपा और सहयोगी दलों के मंत्रियों ने ली शपथ : राजनाथ सिंह, अमित शाह, शिवराज चौहान, जेपी नड्डा, मनोहर खट्टर, जीतन राम मांझी सहित प्रमुख नेताओं को मिली मंत्रिमंडल में जगह।
3. राज्य सरकार परीक्षाओं में पेपर लीक मामलों से निपटने के लिये जल्द बनायेगी सख्त कानून।

और

4. मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान बुंदेलखंड सहित राज्य के 36 जिलों में लू चलने का जताया अनुमान : प्रदेश में 20 जून तक मानसून आने की संभावना।

————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समरोह में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ प्रमुख रूप से राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी,

निर्मला सीतारमण, एस.जे. शंकर, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, एच.डी. कुमार स्वामी, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह, चिराग पासवान सहित कई मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

उत्तर प्रदेश से जिन सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है, उनमें राजनाथ सिंह के अलावा हरदीप सिंह पुरी, जयन्त चौधरी, जितिन प्रसाद, पंकज चौधरी, बीएल वर्मा, अनुप्रिया पटेल, कमलेश पासवासन, एसपी सिंह बघेल और कीर्तिवर्धन सिंह शामिल हैं। हरदीप पुरी और जयन्त चौधरी को कैबिनेट का दर्जा मिला है।

श्री मोदी, पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले राजनेता हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, कई प्रदेशों के राज्यपालों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं सहित गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

शपथ ग्रहण समारोह में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुईज्ज, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, सेशल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफोफ़, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रवीन्द्र कुमार जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड

और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे विशेष रूप से मौजूद थे।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदो की अगुवाई में एनडीए सरकार बनने पर उनके निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में जश्न का माहौल है। ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से........

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बन रही है इससे प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी जश्न का माहौल है एक भारत–श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, अमृतकाल के सारथी नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण के अवसर पर वाराणसी में नमामि गंगे ने महर्षि योगी विद्याश्रम के वेदपाठी बटुकों के साथ सिंधिया घाट पर मां गंगा का दुग्धाभिषेक करके मोदी मंत्रिमंडल के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत–विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिवारजन की सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित मोदी सरकार के लिए मां गंगा की आरती उतारी। इसके अलावा काशी के सांसद नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल हेतु प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के उपलक्ष्य में भव्य जश्न ढोल–नगाड़े व आतिशबाजी का कार्यक्रम भी उल्लास मय वातावरण में संपन्न हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

—————————

प्रदेश सरकार पर्चा लीक मामलों से निपटने के लिए जल्द ही सख्त कानून बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भर्ती आयोगों के प्रमुखों की बैठक में कहा कि पेपर लीक या सॉल्वर गैंग की गतिविधियां स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसे अपराध में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया जाना चाहिये, जो मिसाल बन सके। श्री योगी ने विभिन्न विभागों में खाली

पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने और भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता, गोपनीयता और व्यापक सुधार पर बल देते हुए कहा कि सिर्फ सरकारी या सरकार से आर्थिक सहायता–प्राप्त शिक्षण संस्थानों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा, जहां सीसीटीवी कैमरे लगे हों। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाएं सिर्फ शहरों में आयोजित की जाये।

मुख्यमंत्री ने चयन आयोगों को निर्देश दिया है कि वे भर्ती के हर चरण में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों और एसटीएफ के संपर्क में रहें। श्री योगी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया में सुधार की ज़रूरत है। प्रश्न–पत्र बनाने से लेकर भर्ती प्रक्रिया के हर एक चरण के लिए अलग–अलग एजेंसियों की सेवा ली जानी चाहिए।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–बीएनएसएस और भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस 2023 कानून में पहली बार के अपराधियों के बारे में बदलाव किया गया है, जिसमें न्याय के लिए पुनवास और करूणा पर जोर दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहली बार के अपराधियों के लिए न्यूनतम सजा कम की गई और पहली बार के विचाराधीन कैदियों के लिए उदार ज़मानत स्वीकार की गई है। छोटे अपराधों के लिए बीएनएसएस–2023 के तहत बिना किसी पूर्व आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण नजरिया रखा गया है, जिसके तहत सजा के रूप में सामुदायिक सेवा करवायी जायेगी।

नये कानूनों का लक्ष्य पहली बार अपराध करने वालों को दंडात्मक उपायों के विकल्प प्रदान करना है, जिसमें सामुदायिक सेवा और परामर्श जैसी सज़ाओं का प्रावधान है। पहली बार विचाराधीन कैदी को निर्धारित अधिकतम सजा की एक तिहाई अवधि पूरी होने के बाद जमानत देने का प्रावधान किया गया है।

———————

मुरादाबाद स्थित उत्तर प्रदेशपुलिस प्रशिक्षण अकादमी में विशेष अभियोजन अधिकारी केपी मिश्रा ने आकाशवाणी

संवादददाता सुशील चन्द्र तिवारी से खास बातचीत में कहा कि नये कानूनों के तहत भीड़ द्वारा की गई हिंसा पर भी सख्त धाराएं लागू की जायेंगी। बाइट........

*माननीय उच्चतम न्यायालय ने भारत सरकार से कहा था कि सरकार एक मॉब लिंचिंग के बारे में कानून बनाये तो उसी को देखते हुए सरकार ने एक मॉब लिचिंग का भी कानून बनाया है, जो दो प्रकार की मॉब लिंचिंग जेसे हम कहते है कि धारा एक सौ तीन दो में और एक सौ सत्रह चार में मॉब लिंचिंग बनाया अक्सर ये दुर्घटनायें बहुत होती थी। धारा एक सौ तीन उपधारा दो निनिमम मांच या अधिक व्यक्ति होंगे अगर इससे कितने भी अधिक हो मिनिमम पांच व्यक्ति कोई जातीय हिंसा, जाति लिंग समुदाय आदि के आधारों पर अगर एक राय होकर किसी व्यक्ति की हत्या कर देते है तो चाहे सौ व्यक्ति हो चाहे एक हजार सभी ऐसे एक हजार व्यक्तियों पर धारा एक सौ तीन क दो लगाकर के उसको हत्या मृत्यु दंड से दंडित करने का प्राविधान कर दिया गया है।*

---

राज्य सरकार परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिये कक्षा एक से आठ तक के प्राइमरी और बेसिक स्कूलों में स्काउट एंड गाइड इकाई संचालित करेगी। यह इकाइयां सभी स्कूलों में नये सत्र से शुरू हो जायेंगी। इकाइयां संचालित करने का उद्‌देश्य बच्चों में अनुशासन चरित्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता की भावना और उच्च कोटि की नैतिकता का विकास करना है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कक्षा एक से 8 तक के सभी

परिषदीय स्कूलों में कम से कम एक यूनिट का पंजीकरण जरूर हो।

——————————

प्रदेश के अधिकांश इलाके हीट वेव की चपेट में हैं। वहीं मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, कौशाम्बी, चंदौली और राजधानी लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों सहित 36 जिलों में अगले पांच दिनों तक लू चलने की आशंका जताई है। मौसम वैज्ञानियों ने बताया कि राज्य में 20 जून तक मानसून आ सकता है, जबकि लखनऊ में 24 जून और राज्य के पश्चिमी जिलों में 30 जून तक मानसून पहुंचने का अनुमान है।

——————————

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत आन लाईन कोर्सेज़ शुरू गए है। नीति के तहत नेशन बिल्डिंग और सोशल सर्विस पाठ्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिये अनिवाय किया गया है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...........

*इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत 5 नए कोर्सेज प्रारंभ किए हैं, जिसमे अन्य छोटे मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्सेज हैं। जिनकी अवधि 90–90 दिन की होगी। यह आन लाइन और आफ लाइन दोनो माध्यम में होगा और इसे कोई भी छात्र चाहे साइंस स्ट्रीम का हो या आर्ट्स स्ट्रीम का हो कर सकता है। कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत नेशन बिल्डिंग एंड सोशल सर्विस का कोर्स सभी छात्रों के लिए अनिवार्य किया गया है, जिसमे छात्र छात्राओं को देश हित और*

*सामाजिक सेवा से जुड़े मुद्दों से रूबरू कराया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में अस्पताल, सेना और सामाजिक संगठन के साथ छात्रों को मिलकर काम करना होगा। इस बार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक और परास्नातक के साथ अन्य कोर्सेज में कुल 24 हजार छात्राओं का प्रवेश लिया जाएगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

——————————

अमेठी जिले में एक मार्ग दुर्घटना में तीन महिलाओं और बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गये हैं। यह हादसा आज मुंशीगंज इलाके के जामो–भादर मार्ग पर उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल आमने–सामने टक्कर हो गई और कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। घायलों में तीन लोगों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

——————————

प्रदेश में युवाओं को स्वरोज़गार में मदद देने के लिये संचालित फ्लैगशिप स्कीम मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना–एमवाईएसवाई और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना–एमएमजीआरवाई के बेहतर परिणाम आ रहे हैं। राज्य में अब तक छह हजार से अधिक युवाओ के छोटे–बड़े उद्यमों को इन योजनाओं के तहत मंजूरी दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत स्वीकत 723 इकाईयों में से 605 यूनिटों को धनराशि भी मुहैया कराई जा चुकी है। यह जानकारी राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही रिपोर्ट में दी गई है।

—————————

लखनऊ के ईशान कृष्ण अग्रवाल ने देश की प्रतिष्ठि जेईई एडवांस परीक्षा में 346वीं रैंक हासिल की है। ईशान अग्रवाल ने इस प्रवेश परीक्षा मे शीर्ष पांच सौ में यह रैंक हासिल कर लखनऊ का नाम रौशन किया है।

—————————